INTERNATIONAL INDIAN SCHOOL BURAIDAH
SAMPLE PAPER

Hindi Course B (085)

Class: 9

निर्देश:

* इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं- अ और ब।
* दोनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना आनिवार्य है।
* यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

खंड-अ (वस्तुपूरक प्रश्न)

अपठित गद्यांश

Q1. दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसपर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (5x1=5)

महात्मा गांधी का सपना था कि हम भारतवासी स्वच्छता के बारे मे सोचें और इसे व्यवहार मे लाएँ | वे पर्यावरण को स्वच्छ रखने पर काफी बल देते थे, लेकिन हम भारतवासियों ने केवल बापू को याद रखा, उनके सिद्धांतों को नहीं | स्वच्छता हमारी नैतिक व्यावहारिक और सामाजिक ज़िम्मेदारी भी है और आवश्यकता भी | स्वच्छता के बिना समृद्धि नहीं आ सकती | दुख की बात है कि हम स्वच्छता के मामले मे भी दूसरे देशों से बहुत पीछे हैं | आर्थिक बद- हाली का रोना रोते रहना हमारा स्वभाव बन गया है , लेकिन क्या सफाई जैसी साधारण सी आदत को अपनाने के लिए भी हमे धन चाहिए ? हमारी सफाई की परिभाषा अपने-अपने घरों तक ही सीमित रह गई है | 'स्वच्छ भारत अभियान' हमारे लिए सफाई को अपनाने और इसके प्रति संवेदनहीनता त्यागने का अनुकूल अवसर

बनकर आया है | हमरे द्वारा स्वच्छ भारत का निर्माण बापू को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होंगी |

क - गांधीजी का सपना था कि भारतवासी

I - स्वच्छता के बारे मे जाने ii - स्वच्छता के बारे मे उपदेश दे

iii - स्वच्छता का प्रचार करे

iv - स्वच्छता का महत्त्व समझाकर इसे व्यवहार मे लाए

ख - स्वच्छता किसकी ज़िम्मेदारी है ?

i - केवल कुछ नागरिकों की ii - सभी नागरिकों की

iii - केवल सफाई कर्मचारियों की iv - किसी की भी नहीं

ग - स्वच्छता को किसका प्रतीक माना गया है ?

i - एकता का ii - स्वास्थ्य का

iii - नैतिकता का iv - समृद्धि का

घ - साफ सफाई के प्रति हमारा दृष्टिकोण है

I - व्यापक, परंतु संवेदनहीन ii - सीमित एव संवेदनहीन

iii - अनैतिक एव सीमित iv- साधारण एव व्यावहारिक

ड़ - संवेदनहीन शब्द का विलोम है

I - असंवेदनहीन ii - संवेदनहीनता

iii - असंवेदनशील iv - संवेदनशील

Q2. दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसपर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (5x1=5)

कई लोगों को ज़रूरत न होने पर भी चीजों को खरीदने और इकट्ठा करने की आदत होती है | यह आदत टी॰ वी , अखबार आदि के विज्ञापनो से बहुत प्रभावित होती है | समाज मे

बड़े पैमाने मे इस स्थिति को उपभोकतवाद कहते हैं | उपभोकतवाद के विस्फोट पर अब सवाल उठने लगे हैं , क्योकि इसने पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व पर ही सवाल खड़ा कर दिया है |

उपभोकतवाद, अति उपभोग, बेहिसाब कचरा ,उत्पादन का दानव तेल संसाधनों की नीव पर खड़ा है | इन जीवाश्म ईंधनों ने बेहिसाब मात्त्रा मे प्रदूषण पैदा किया, जो जीवन के विविध रूपों के लिए बेहद विनाशकारी है |

इसके लिए नई सदी मे पश्चिमी विकसित देश अपने भविष्य के लिए पर्यावरण की दृष्टि से भरोसेमंद और टिकाऊ विकल्प खोज रहे हैं| साइकिल रिक्शा एक ऐसा ही विकल्प है| यह पूरे एशिया और विशेषकर भारतीय उपमहाद्वीप मे परिवहन का एक लोकप्रिय साधन है| भारत मे साइकिल रिक्शों का आगमन पिछली सदी यानि 20 वी सदी के पांचवे दशक के शुरुआती दौर मे हुआ| इस से पहले लकड़ी के पहिए वाले और श्रमसाध्य हाथ से खींचने वाले रिक्शे चलते थे |

क - बिना ज़रूरत चीजों को खरीदने और इकट्ठा करने की आदत का कारण है

I - आवश्यकता ii - टी. वी आदि मे विज्ञापन

Iii - घर मे सामान की कमी iv - उपरोक्त मे से कोई नहीं

ख - उपभोकतवाद कहते हैं

I - विज्ञापनों से प्रभावित होकर बिना जरूरत सामान खरीदने को

Ii - संसाधनो की बरबादी को

Iii- प्रदूषण फैलाने को iv -टी. वी एव अखबार को

ग - बेहिसाब मात्रा मे प्रदूषण पैदा किया है

I - कचरा उत्पादन ने ii - साइकिल रिक्शा ने

Iii - जीवाश्म ईंधनों ने iv - ये सभी

घ - भारतीय उपमहाद्वीप मे परिवहन का लोकप्रिय साधन है

I -जीवाश्म ईंधन ii- साइकिल रिक्शा

Iii- मोटर गाड़ी iv - बैलगाड़ी

ड़ - पश्चिमी जगत जीवाश्म ईंधन का प्रयोग क्यो छोड़ना चाहता है

I - प्रदूषण के कारण ii - तेल संसाधनो के कारण

Iii - टी. वी एव अखबार के कारण

Iv - पर्यावरण की दृष्टि से भरोसेमंद और टिकाऊ विकल्पों के कारण

(व्यावहारिक व्याकरण)

Q3. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए: (16)

(i) वर्णो के मेल से बना स्वतंत्र सार्थक ध्वनि समूह -------- कहलाता है ।

क- शब्द ख- पद ग- पदबंध

(ii) मीरा नाच रही है । यहाँ पर मीरा क्या है ?

क- शब्द ख- पद ग- वाक्य

(iii) दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार चिह्न लगे शब्द को छाँटिए-

क- बन्द ख- आँख ग- रंग

(iv) दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर अनुनासिक चिह्न लगे शब्द को छाँटिए-

क- गुड़ियाँ ख- हिन्दी ग- घंटा

(v) 'अनावश्यक' शब्द का उपसर्ग तथा मूल शब्द है -

क- आना+ आवश्यक ख- अन+आवश्यक ग- अनाव+शयक

(vi)' आ ' उपसर्ग से बना सही शब्द है -

क- आग ख- आजीवन ग- आज

(vii) 'लूटेरा' शब्द का प्रत्यय तथा मूल शब्द है -

क- लूट+टेरा ख- लू+टेरा ग- लूट+एरा

(viii) 'डिबिया' शब्द का सही प्रत्यय छाँटकर लिखिए -

क- डि ख- या ग- इया

(ix) दिल्ली कहाँ पर है ? - अर्थ के आधार पर वाक्य भेद है -

क- आज्ञावाचक ख- निषेधवाचक ग- प्रश्नवाचक

(x) 'यदि समय पर पहुँचते तो बस मिल जाती '-अर्थ के आधार पर वाक्य भेद है

क- संकेतवाचक ख- इच्छवाचक ग- प्रश्नवाचक

(xi) 'भावुक ' शब्द का सही संधि-विच्छेद है-

क- भा+वुक ख- भौ+उक ग- भो+उक

(xii) ' महा+उत्सव' की संधि है -

क- महान उत्सव ख-महात्मा ग- महोत्सव

(xiii)' दिनेश' का सही संधि-विच्छेद है-

क- दिन+ईश ख- दिन+इश ग- दी+नेश

(xiv) दो पदों को जोड़ने तथा अलग करने के लिए प्रयोग होता है -

क- अल्पविराम का ख- अर्धविराम का ग- कोष्ठक का

(xv) इनमे से विस्मयबोधक चिह्न है-

क- (?) ख- (०) ग-(!)

(xvi) दिये गए चिह्न (;) का नाम बताइये-

क- अर्धविराम ख- अल्पविराम ग- विवरण चिन्ह

Q4. (क) <u>पठित पदयांश के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर दीजिए:</u> (1x5=5)

उभरी नसों वाले हाथ , घिसे नाखूनो वाले हाथ
पीपल के पत्ते से नए नए हाथ ,
जूही की डाल-से खुशबूदार हाथ
गंदे कटे पीते हाथ , जख्म से फटे हुए हाथ
खुशबू रचते हैं हाथ , खुशबू रचते हैं हाथ

(i) ' उभरी नसों वाले हाथ' किसकी ओर संकेत करते हैं?

(क) अनुभवी लोगों की ओर (ख) बूढ़े लोगों की ओर
(ग) बीमार लोगों की ओर (घ) कमजोर लोगों की ओर

(ii) पीपल के पत्ते से नए-नए हाथ किनके हो सकते हैं?

(क) बच्चों के (ख) युवतियों के

(ग) लड़कियों के (घ) जवानों के

(iii)' खुशबूदार ' शब्द का उचित विलोम शब्द है-

(क) बहुत ही गंदा (ख) बदबूदार

(ग) हवादार (घ) धमाकेदार

(iv) 'जख्म से फटे हुए हाथ' किनकी ओर संकेत करते हैं -

(क) गरीब मजदूरों की ओर (ख) बीमार लोगों की ओर

(ग) कोढ़ियों की ओर (घ) सैनिकों की ओर

(v)' खुशबू रचते हैं हाथ' का क्या आशय है -

(क) हाथो से खुशबू रचना (ख) हाथों मे ही खुशबू है

(ग) खुशबू रचते हाथों की दुर्दशा बताना (घ) इनमे से कोई नहीं

(घ) स्नेह

(ख) <u>सही विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:</u> (1x2=2)

(i) 'गरीब निवाजू' - का क्या अर्थ है ?

(क) गरीब पैदा करने वाला (ख) गरीबी देने वाला

(ग) गरीबों पर दया करने वाला (घ) गरीबों को खाना देनेवाला

(ii) 'अग्निपथ' का आशय है-

(क) संघर्ष भरा रास्ता (ख) मुसीबत भरा रास्ता

(ग) विनाश का रास्ता (घ) ध्वंस भरा रास्ता

Q5. (क) <u>पठित गदयांश के आधार पर पूछे गए बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर दीजिए:</u> (5)

उस दिन जब तुम आए थे, मेरा हृदय अज्ञात आशंका से धडक उठा था अंदर ही अंदर कहीं मेरा बटुआ काँप गया । उसके बावजूद एक स्नेह-भीगी मुस्कुराहट के साथ मै तुमसे गले मिला था और मेरी पत्नी ने तुम्हें सादर नमस्ते की थी । तुम्हारे सम्मान मे ओ अतिथि, हमने रात के भोजन को एकाएक उच्च-मधुयम वर्ग के डिनर में बादल दिया था। तुम्हें स्मरण होगा कि दो सब्जियों और रायते के अलावा हमने मीठा भी बनाया था । इस सारे उत्साह और लगन के मूल में एक आशा थी कि दूसरे दिन किसी रेल से एक शानदार मेहमाननवाज़ी की छाप अपने हृदय मे ले तुम चले जाओगे ।

(i) इस गदयांश के पाठ के लेखक का नाम है:

(क) रामविलस शर्मा (ख) बचेंद्री पाल

(ग) शरद जोशी (घ) स्वामी आनंद

(ii) उस दिन जब तुम आए थे - इसमे 'तुम' किसे कहा गया है ?

(क) लेखक की पत्नी को (ख) शत्रु को

(ग) सम्मानित अतिथि को (घ) अनचाहे अतिथि को

(iii) 'बटुआ काँपने' का अर्थ है -

(क) दिल मे डर होना (ख) दुख पहुँचना

(ग) आर्थिक चोंट पहुँचना (घ) बटुआ गिर जाना

(iv) लेखक ने मेहमान का स्वागत किस प्रकार किया ?

(क) स्नेहपूर्वक (ख) ऊब के साथ

(ग) भय के साथ (घ) अपमानपूर्वक

(v) अतिथि को डिनर देते समय लेखक को क्या विश्वास था ?

(क) अतिथि प्रसन्न होगा (ख) अतिथि जल्दी घर चला जाएगा

(ग) लेखक को उन्नति मिलेगी (घ) पड़ोसी खुश हो जाएँगे

(ख) <u>सही विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:</u> (1x2=2)

(i) किसे 'शुक्रतारे के समान' कहा गया है ?-

(क) महादेव देसाई को (ख) महात्मा गांधी को

(ग) क्रांतिकारियों को (घ) महावीर प्रसाद को

(ii) 'ग्लेशियर' किसे कहते हैं ?

(क) बर्फ के पहाड़ को (ख) बर्फ की नदी को

(ग) बर्फ के गिरने को (घ) इनमे से कोई नहीं

<u>खंड-ब (वर्णनाथमक प्रश्न)</u>

Q6. (क) <u>पठित पाठों के आधार पर 60 शब्दों में उत्तर दीजिए (कोई दो):</u> (6)

(i) कीचड़ के प्रति किसी को सहानुभूति क्यो नहीं होती ?

(ii) डॉक्टर मीनू मेहता ने लेखिका के दल को क्या जानकारियाँ दी ?

(iii) रामन के लिए नौकरी संबंधी कौन-सा निर्णय कठिन था ?

(ख) <u>पठित कविताओं के आधार पर 60 शब्दों में उत्तर दीजिए (कोई दो):</u> (6)

(i) प्रेम का धागा टूटने पर पहले की भांति क्यों नहीं हो पाता ?

(ii) ' अपने पतझड़ के सपनों का मै भी जग को गीत सुनाता '-व्याख्या कीजिए।

(iii) 'अग्निपथ' कविता का मूल भाव क्या है?

(ग) <u>संचयन के पाठों के आधार पर 60 शब्दों में उत्तर दीजिए (कोई दो) (6)</u>

(i) लेखक का ऑपरेशन करने से सर्जन क्यों हिचक रहे थे ?

(ii) मक्खनपूर पढ़ने जाने वाली बच्चों की टोली रास्ते मे पड़ने वाले कूएँ मे ढेला

क्यों फेंकती थी ?

(iii) गिलहरी के घायल बच्चे का उपचार किस प्रकार किया गया?

लेखन

Q7. (क) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए: (6)

(i) समय का सदुपयोग

* समय का पहिया घूमता जाए
* जीवन मे समय का महत्तव
* सदुपयोग कैसे करे
* सफल लोगों के उदाहरण

(ii) कमर तोड़ती महँगाई

* प्रस्तावना
* महँगाई के कारण
* आम आदमी का संकट
* नियंत्रण के लिए उपाय

(ख) आपका मित्र अनिल बीमारी के कारण परीक्षा नहीं दे पाया, इस से वह निराश है । उसको सहानुभूति प्रकट करते हुए एक पत्र लगभग 120 शब्दों में लिखिए। (6)

अथवा

बड़े भाई के विवाह का निमंत्रण देते हुए अपने मित्र / सहेली को एक पत्र लगभग 120 शब्दों में लिखिए।

8. (क) मालकिन और काम वाली बाई जो अक्सर छुट्टी करती है, दोनों के बीच बातचीत को लगभग 100 शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए। (5)

अथवा

विवेक और टेक्सी वाले के बीच हुई बातचीत को लगभग 100 शब्दों में संवाद के रूप मे लिखिए।

(ख) दिए गए चित्र को देखकर 80-100 शब्दों में इसका वर्णन कीजिए। (5)

****